**बरेली पुलिस**
**प्रेस नोट दिनांक 08.09.2025**
**थाना फरीदपुर**

**थाना फरीदपुर #bareillypolice पुलिस द्वारा दो अभियुक्तों को 03 किग्रा0 अवैध अफीम(अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 1 करोड़ रुपये), 01 मोबाईल फोन, एक लग्जरी कार व एक मोटर साईकिल सहित किया गया गिरफ्तार।**

**घटना का संक्षिप्त विवरण/परिचयः-**

दिनांक 07.09.2025 को थाना फरीदपुर पुलिस टीम द्वारा अभियुक्तगण 1.फिरोज पुत्र लाल मोहम्मद निवासी मो0 भूरे खां गौटिया थाना फरीदपुर जनपद बरेली उम्र करीब 31 वर्ष के कब्जे से 02 किग्रा अफीम एवं 2.मो0 इमरान पुत्र हनीफ अहमद निवासी मो0 मिर्धान थाना फरीदपुर जनपद बरेली उम्र करीब 35 वर्ष के कब्जे से 01 कि0ग्राम अफीम के साथ कुल 03 किग्रा0 अफीम बरामद, 01 मोबाईल फोन, एक लग्जरी कार एवं एक मोटर साईकिल के साथ गिरफ्तार कर अभियुक्तों के विरूद्ध थाना फरीदपुर पर मु0अ0सं0 725/25 धारा 8/18/29 एनडीपीएस पंजीकृत किया गया।

**सूचना, पुलिस टीम एवं कार्यवाहीः-**

अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना प्रभारी फरीदपुर के नेतृत्व में थाना फरीदपुर पुलिस टीम द्वारा दिनांक 07.09.2025 की शाम को मुखबिर की सूचना पर राजमहल होटल से करीब 100 मीटर आगे हाईवे के पास से अवैध अफीम बेचने की फिराक में खड़े 02 व्यक्तियों को पकडा गया। पकड़े गये दोनों व्यक्तियों से बारी-बारी से इनका नाम पता पूछा तो पहले व्यक्ति ने अपना नाम फिरोज पुत्र लाल मोहम्मद निवासी मो0 भूरे खां गौटिया थाना फरीदपुर जनपद बरेली उम्र करीब 31 वर्ष व दूसरे व्यक्ति ने अपना नाम मो0 इमरान पुत्र हनीफ अहमद निवासी मो0 मिर्धान थाना फरीदपुर जनपद बरेली उम्र करीब 35 वर्ष बताया। तलाशी से गिरफ्तार अभि0 फिरोज उपरोक्त के कब्जे से 02 किग्रा अफीम व एक मोबाईल फोन ऑप्पो कम्पनी व एक लग्जरी कार सियाज तथा अभि0 मो0 इमरान उपरोक्त के कब्जे से 01 किग्रा अफीम व एक मोटर साईकिल एवेन्जर के साथ गिरफ्तार किया गया। बरामद मोबाईल फोन को एक प्लास्टिक के डिब्बे में रखकर सील सर्वे मोहर किया गया। तथा अभि0गणो के कब्जे से 01 मोटर साईकिल ऐवेन्जर व एक लग्जरी कार सियाज को धारा 207 एमवीएक्ट में सीज किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना फरीदपुर पर मु0अ0सं0 725/25 धारा 8/18/29 एनडीपीएस पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही की गयी।

**गिरफ्तार अभियुक्त नाम/पता/अपराधिक इतिहास-**
**1.फिरोज पुत्र लाल मोहम्मद निवासी मो0 भूरे खां गौटिया थाना फरीदपुर जनपद बरेली उम्र करीब 31 वर्ष।**

1.मु0अ0सं0 480/21 धारा 8/21/29 एनडीपीएस एक्ट थाना फरीदपुर, बरेली ।
2.मु0अ0सं0 83/23 धारा 420/489-B/489-C भादवि थाना फरीदपुर, बरेली ।
3.मु0अ0सं0 670/25 धारा 8/18/29 एनडीपीएस थाना फरीदपुर, बरेली ।
4.मु0अ0सं0 725/25 धारा 8/18/29 एनडीपीएस थाना फरीदपुर, बरेली ।
5.मु0अ0सं0 736/17 धारा 18/20 एवडीपीएस थाना बारादरी, बरेली ।

**2.मो0 इमरान पुत्र हनीफ अहमद निवासी मो0 मिर्धान थाना फरीदपुर जनपद बरेली उम्र करीब 35 वर्ष।**

मु0अ0सं0 725/25 धारा 8/18/29 एनडीपीएस थाना फरीदपुर, बरेली।

**पूछताछ एवं अभियुक्त का विवरण -**

अभि0 फिरोज पुत्र लाल मोहम्मद निवासी मो0 भूरे खां गौटिया थाना फरीदपुर जनपद बरेली उम्र करीब 31 वर्ष का निवासी है एवं अभि0 मो0 इमरान पुत्र हनीफ अहमद निवासी मो0 मिर्धान थाना फरीदपुर जनपद बरेली उम्र करीब 35 वर्ष का निवासी है। दोनों ने पूछताछ करने पर बताया कि हम दोनों अफीम को दूसरी जगह बेचने जा रहे थे कि आपने हमे पकड़ लिया है। हम अफीम को बेचकर धन अर्जित करते हैं, जिससे हमारा व हमारे परिवार का खर्चा चलता है। हम अपने मोबाईल में सिम डालकर हम यूएस (अमेरिका) का नम्बर ऑनलाईन जनरेट कर लेते है जिस पर व्हाट्सएप चालू कर लेते है और सिम को निकालकर तोड़कर फैक देते हैं। व्हाट्सएप के माध्यम से ग्रहाको से वार्ता कर माल सप्लाई करते है।

**अभि0 फिरोज से बरामदगी का विवरणः-**

1. 02 किग्रा अवैध अफीम
2. एक मोबाईल फोन स्क्रीन टच ओपो कम्पनी
3. एक लग्जरी कार सियाज

**अभि0 मो0 इमरान से बरामदगी का विवरणः-**

1. 01 किग्रा अफीम व
2. एक मोटर साईकिल ऐवेन्जर

**पुलिस टीम -**

1. प्रभारी निरीक्षक श्री राधेश्याम थाना फरीदपुर जिला बरेली ।
2. उ0नि0 श्री लोकेश तोमर थाना फरीदपुर जिला बरेली ।
3. का0 3400 सुमित थाना फरीदपुर जिला बरेली ।
4. का0 165 भानू चौधरी थाना फरीदपुर जिला बरेली ।
5. का0 2938 अंकित कुमार थाना फरीदपुर जिला बरेली ।

